आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 23.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड को एक सशक्त, विकसित और समृद्ध राज्य बनाना प्रदेश सरकार का संकल्प है।
- मुख्यमंत्री ने उपनल और संविदा कर्मियों की नियमित नियुक्ति के लिए जल्द ठोस नीति तैयार करने की घोषणा की।
- राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर राजधानी देहरादून समेत सभी जिलों में बहुउद्देश्यीय शिविरों का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सी.यू.ई.टी. के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ाई।

## सरकार के तीन वर्श

प्रदेश सरकार ने आज अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकार के तीन साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड को एक सशक्त, विकसित और समृद्ध राज्य बनाना प्रदेश सरकार का संकल्प है, इसके लिए उनकी सरकार ने पिछले तीन सालों में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।
राजधानी देहरादून में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उपनल और संविदाकर्मियों को नियमित नियुक्ति के लिए शीघ्र ही एक ठोस नीति तैयार की जाएगी। श्री धामी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और स्नातक डिग्री प्राप्त युवाओं को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दस करोड़ रूपये तक के सरकारी कार्य प्रदेश के स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाएंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में 30 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं। इससे उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश वेडिंग डेस्टिनेशन, साहसिक पर्यटन, फिल्म निर्माण के एक बड़े हब के रूप में ऊभर रहा है। श्री धामी ने कहा कि 3 वर्षों में प्रदेश ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं और नए–नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है।

## जन सप्ताह कार्यकम

सेवा, सुशासन और विकास के 03 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सप्ताह भर मनाए जाने वाले जन सेवा बहुउद्देशीय शिविर कार्यक्रमों के तहत पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस दौरान मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानिय कलाकारों ने छोलिया नृत्य के साथ ही विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक बिशन सिंह चुफाल ने कहा कि 3 सालों के भीतर प्रदेश सरकार ने जिले में अनेक अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही घर–घर पेयजल भी दिया गया। साथ ही लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए भी अनेक कार्य किया जा रहे हैं। श्री चुफाल ने कहा कि सरकार के प्रयास से ही पहाड़ों में रिवर्स पलायन शुरू हुआ है।
प्रदेश सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा—सी.यू.ई.टी. के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र 24 मार्च तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 25 मार्च रात 11 बजकर 50 मिनट तक कर दी गई है। आवेदक आधिकारिक वेबसाइट सीयूईटी डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर 26 से 28 मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में सुधार कर सकते हैं।

देश के विभिन्न शहरों और देश से बाहर 15 शहरों में कंप्यूटर आधारित सीयूईटी परीक्षा 08 मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।

## साइबर जागरूकता

साइबर अपराधों की रोकथाम और आम जनता को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। अभियान के तहत पुलिस विभिन्न माध्यमों के जरिए लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून के उप पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा ने लोगों से अपील की है कि अगर वे किसी भी तरह के साइबर अपराध का शिकार होते हैं तो तुरंत 1 9 3 0 पर कॉल करें। उन्होंने व्हाट्सएप एप हैकिंग के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।